राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यापन परिषद (NAAC) द्वारा श्रेणी 'बी' प्रत्यापित
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
: 09794299451
☎ : 0551-2105416
Web.: www.mpm.edu.in
e-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक ...................... दिनांक 24.12.2010

## सूचनार्थ

"भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जयन्ती" (पूर्व संध्या)

महाराणा प्रताप पी० जी० कालेज जंगल धूसड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 'कवि हृदय राजनेता भारत रत्न श्री-अटल बिहारी बाजपेयी' के 95वीं जयन्ती की पूर्व संध्या पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रहे सत्य प्रकाश तिवारी बी०ए० भाग-एक ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में एक शिक्षक परिवार में हुआ। वे मोरार जी देसाई के सरकार में विदेश मन्त्री रहे बाजपेयी जी ने कांग्रेस पार्टी की तानाशाही नीतियों के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी को स्थापित करने में अग्रणी भूमिका निभाई प्रधानमन्त्री रहते हुए अन्तर्राष्ट्रीय दबाव को दरकिनार करते हुए पोखरण परमाणु परीक्षण कराया। पहली बार केन्द्र में 40 दलों से मिलकर संविद सरकार का सफल नेतृत्व किया यह उनके उदारवादी व्यक्तित्व का ही एक रूप था। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष और द्वितीय स्थान पर विजयी राहुल गिरि ने बाजपेयी जी की कविताओं को सुनाकर इनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। तृतीय स्थान पर रहे बी० ए० द्वितीय वर्ष के छात्र विजय कुमार ने अटल जी के राजनीतिक निर्णयों की सराहना की एवं उनके संसद के उद्बोधन पर विस्तृत प्रकाश डाला इस आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनो इकाइयों के 50 स्वयं सेवक एवं ~~सेविकाएँ~~ सेविकाएँ उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूगोल विभाग प्रभारी डॉ० विजय कुमार चौधरी थे जिन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री अटल जी एक ऐसी महान हस्ती थे जो विरोधियों का दिल जीतना चाहते थे और भारत को कारगिल सहित अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर कूटनीतिक विजय दिलायी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्री ब्रजभूषण लाल ने मुख्य अतिथि को आभार ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में डॉ० यशवन्त कुमार राव, डॉ० हनुमान प्रसाद उपाध्याय, डॉ० महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ० आरती सिंह, श्रीमती कविता मन्ध्यान, डॉ० कृष्ण कुमार, डॉ० अजय कुमार निषाद, श्रीमती शिप्रा सिंह आदि शिक्षक एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।